पौधे लगाने के लिए एनसीसी कैडेट्स को किया प्रोत्साहित

- पौधा लगाने से ही काम समाप्त नहीं होगा : बत्तरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

राजकीय पीजी कॉलेज की 15 हरियाणा बटालियन जींद के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जयंतो घोष के नेतृत्व में वृक्षारोपण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन किया गया था, जिसमें लेफ्टीनेंट पंकज बत्तरा ने एनसीसी कैडेट्स को अपने घर और आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित किया। इसमें एनसीसी की तीनों इकाइयों ने भाग लिया। पंकज बत्तरा ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित कर ही हमारा जीवन संभव है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया तो आने वाले समय में प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों का सामना करना पड़ सकता है। लेफ्टीनेंट पंकज बत्तरा ने कहा कि पौधा लगाने से काम समाप्त नहीं हो जाता है। जब तक पौधा पेड़ का रूप नहीं ले लेता, तब तक उसकी देखभाल जरूरी है। पौधा रोपण करके पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है, इसलिए प्रत्येक कैडेट्स अपने घर व आसपास पौधारोपण करते रहें।

सिटी हलचल

कैडेट्स को घर व आसपास पौधे लगाने के लिए किया प्रोत्साहित

जासं, जींद : राजकीय पीजी कॉलेज की 15-हरियाणा बटालियन जींद के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जयंतो घोष के नेतृत्व में पौधारोपण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन किया गया था, जिसमें लेफ्टिनेंट पंकज बतरा ने एनसीसी कैडेट्स को अपने घर और आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित किया। इसमें एनसीसी की तीनों इकाइयों ने भाग लिया। पंकज बतरा ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित कर ही हमारा जीवन संभव है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया तो आने वाले समय में प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों का सामना करना पड़ सकता है।

पौधारोपण करते एनसीसी कैडेट्स। सौजन्य पंकज बतरा। • जागरण

NCC